52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.3 °c | अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:26 सूर्यास्त : 5:39 | वर्ष : 52/ अंक : 295 | बृहस्पतिवार, 24 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

भलाई करते रहिए बहते पानी की तरह, बुराई खुद ही किनारे लग जाएगी कचरे की तरह।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मुस्लिम समुदाय में यह धारणा बढ़ रही है कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है : इंद्रेश कुमार



आपकी धारणा क्या कहती है?......

# जवानी से दादा-नाना बनने के बाद मिली सजा

## ▶ इकत्तीस साल चली सुनवाई, 27 आरोपी, 9 की मौत, 18 को सजा
## ▶ फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 8-8 साल कैद व दस-दस हजार जुर्माना लगाया

**मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)।** इकत्तीस साल की कानूनी जंग के बाद गायब युवती बरामदगी को लेकर जाम लगाने और समााने गई पुलिस पर हमला करने के मामले में कोर्ट ने आज 18 लोगों को आठ-आठ साल कैद और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। तीन दशक की कानूनी उठापटक के बीच इस मामले के 9 आरोपी पहले ही दुनिया छोड़ चुके हैं। उस समय जवानी के जोश में जाम लगाने वाले अब उम्रदराज और दादा नाना की उम्र में पहुंच चुके हैं।



मामला छपार थाना क्षेत्र के गांव बरला का है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मार्च 1993 में बरला से एक युवती लापता हो गई थी। उसकी बरामदगी की मांग को लेकर बीस मार्च 1993 को गांव के लोगों ने रास्ता जाम कर दिया था। इस बीच जाम की सूचना पर पुलिस पहुंची तो उग्र ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया था। इसमें तत्कालीन थानाध्यक्ष पीसी शर्मा समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। बाद में पुलिस ने इस मामले में 27 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी की ओर से रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने हमले के आरोपियों की धरपकड़ शुरू की और उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले की तफ्तीश करने के बाद 27 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। अब इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के न्यायाधीश कमलापति के न्यायालय में चल रही थी। एडीजीसी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कोर्ट में अभियोजन की तरफ से 7 गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष की ओर से भी अपनी दलीलें पेश की गईं। अंततः न्यायालय ने गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर मामले के 18 आरोपियों को आठ-आठ साल की सजा व प्रत्येक पर दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके साथ ही सभी को जेल भेज दिया गया। करीब तीन दशक तक चली मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस की चार्जशीट में खतावार बताए गए नौ आरोपियों की पहले ही मौत हो मौत हो चुकी है। अब बाकी बचे जिन 18 आरोपियों को कैद की सजा सुनाई गई है, वे भी काफी उमदराज हो चुके हैं। इनमें ज्यादातर दादा और नाना की उम्र के हैं। आज सुनवाई के दौरान उनके परिजन भी न्यायालय परिसर में मौजूद थे।

**ये हैं कुसूरवार –**

कोर्ट ने आज जिन आरोपियों को सजा सुनाई है उनमें सतीश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, तेलूराम, विजय कुमार, राजेश्वर त्यागी, सत्यदेव त्यागी, संत कुमार, गुलफाम, फैय्याज, कन्नू, ब्रजपाल, शमशाद, विपिन, बबलू, सुशील कुमार, इरफान, कल्लू और छोटा शामिल हैं। ये सभी लोग बरला थाना छपार के निवासी हैं। उन्हें सजा सुनाये जाने के बाद गांव के तमाम घरों में अफसोस के हालात थे।

# उत्तर प्रदेश स्टील फैक्ट्री में हादसे के बाद कर्मचारी की मौत

**मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)।** हाईवे स्थित यूपी स्टील फैक्ट्री में टीन शेड से गिरकर युवक की मौत हो गई। जड़ौदा का रहने वाला सुमित पुत्र सुच्चा कल मंगलवार को यूपी स्टील फैक्ट्री में टीन शेड पर काम कर रहा था। दरअसल, सुमित टीन शेड डालने का ही कार्य करता है, टीन शेड डालते समय सुमित का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सिर के बल जमीन पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुमित को हाथों हाथ एक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार तक उसका उपचार भी चला मगर बुधवार को उपचार के दौरान ही युवक की मौत हो गई। बाद में परिजन मृतक सुमित के शव को उठाकर यूपी स्टील के बाहर ले आये और जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। घंटों तक चले धरना प्रदर्शन के बाद फैक्ट्री मालिकों और सुमित के परिजनों के बीच मुआवजा राशि को लेकर सहमति बन गई। सहमति के बाद परिजन युवक को उठाकर ले गये।



# युवक के अपहरण की रील बनाना पड़ा भारी, पुलिस ने की चार युवकों की गिरफ्तारी





**खतौली, 23 अक्टूबर (बु.)।** मिर्जापुर वेब सीरीज का बैक ग्राउंड म्यूजिक की टोन पर दिन दहाड़े जीटी रोड पर बाइक सवार युवकों द्वारा एक युवक का सरेआम अपहरण करने की रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर सनसनी फैलाने वाले चार युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शासन के सख्त निर्देशों के पालन में जहां पुलिस प्रशासन अपहरण व रंगदारी के नाम पर मुंह मांगी रकम वसूलने वाले अपराधों पर लगाम लगाने में सफल साबित होता दिखाई पड़ रहा है। वहीं रील बनाने के बढ़ते जुनून को लेकर नौजवानों को चढ़ रहा भूत अभी भी अपना असर दिखाता नजर आ रहा है। गत् दिवस नगर क्षेत्र के जीटी रोड पर सबसे व्यस्ततम भाग में घटी ऐसी ही एक घटित घटना सोशल मीडिया पर वायरल होती देख नागरिकों में हड़कम्प मच गया। दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में जीटी रोड पर एक युवक सड़क किनारे खड़ी एक ठेली पर फास्ट फूड खाता नजर आ रहा था। इसी बीच बाइक पर सवार युवकों में से एक युवक फास्ट फूड खा रहे युवक के मुंह पर कपड़ा रखकर उसको जबरदस्ती अपहरण कर बाइक पर बैठाकर ले जाता है। नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में बाइक सवार युवकों द्वारा अपहरण की इस खौफनाक वारदात को देखकर आसपास खड़े लोगों में हड़कम्प मच गया। कुछ नागरिकों द्वारा हिम्मत कर बाइक सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु बाइक सवार युवक अपहृत युवक को लेकर भागने में सफल हो जाते हैं। नागरिकों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा भागदौड़ की, परन्तु बाइक सवार युवकों का कोई सुराग नहीं लग पाया। घटना के कुछ घंटों बाद अपहरण की इस वारदात का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गयी।

अपहरण की वारदात की घटना के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की मदद से सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा भागदौड़ तेज करते हुए अपहरण की वारदात करने की घटना में चार युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली पुलिस के अनुसार अपहरण की वीडियो बनाकर वायरल करने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम गुलशेर पुत्र नाशाद, मोनिश पुत्र मौ. अली, सादिक पुत्र मौ. एहसान तथा समद पुत्र अंजू निवासी मौहल्ला इस्लामाबाद भूड़, कस्बा खतौली थाना खतौली बताए गए हैं। पुलिस के कथनानुसार गिरफ्तार युवक सोशल मीडिया पर रील बनाने का कार्य करते हैं, इसी शौक को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रुतबा दिखाने के उद्देश्य से उनके द्वारा अपने साथी युवक का सरेआम अपहरण की वीडियो बनाने का यह ड्रामा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

# नौकरी नहीं लगी तो फर्जी दरोगा बना मुजफ्फरनगर का युवक

**बागपत, 23 अक्टूबर (एजेंसी)।** खासा पढ़ लिखने के बाद भी मुजफ्फरनगर के भौराकलां निवासी युवक यश की सरकारी नौकरी नहीं लगी और शादी नहीं हुई तो वह फर्जी दरोगा बन गया। उसने बागपत, शामली, सहारनपुर समेत अन्य जनपदों में युवकों से नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी शुरू कर दी।



पुलिस के अनुसार बूढ़पुर गांव के सन्नी को पीआरडी में भर्ती कराने का फर्जी नियुक्ति देकर ठगी करने वाले फर्जी दरोगा यश को रमाला पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान यश निवासी मुंडभर थाना भौराकला जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई जो ग्रेजुएट पास है। पुलिस पूछताछ में यश ने बताया कि बचपन से उसका सपना पुलिस में भर्ती होना था। जिसके लिए कई बार वह पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल भी हुआ, लेकिन कभी लिखित परीक्षा तो कभी शारीरिक परीक्षा में फेल हो जाता। बेरोजगारी के कारण उसका रिश्ता नहीं हो रहा था। जिसके बाद उसने अपना सपना पूरा करने के लिए अपराध का रास्ता चुना। वह वर्ष 2014 में दिल्ली गया, जहां से उसने कपड़े की दुकान से यूपी पुलिस दरोगा की वर्दी, बैच, बेल्ट, दो स्टार, नेम प्लेट व जूते खरीदे और फर्जी दरोगा बन गया। फर्जी दरोगा बनकर यश ने वर्दी पहनकर शामली, सहारनपुर, बागपत में अनजान शादियों में आना-जाना शुरू किया। जहां लोगों से मेल-जोल बढ़ाते हुए ठगी की शुरूआत की। शादी कराने के लिए वह रिश्तेदारों और परिचितों पर खुद को दरोगा बताकर रौब गालिब करता था। बताया कि फर्जी दरोगा यश शामली के किवाना गांव के दीपक, कांधला के महबूब और बूढ़पुर के सन्नी, सहारनपुर के रामपुर निवासी अजय से पुलिस, आर्मी, पीआरडी में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी कर चुका है। वर्ष 2019 में शामली जनपद के बुटराड़ा बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने फर्जी दरोगा यश को वर्दी में पकड़ा था। पूछताछ के दौरान यश अपनी तैनाती कभी बागपत जिले में छपरौली चुंगी तो कभी बेहट थाने में तैनाती बताता था। आरोपी ने 2015 में कांस्टेबल के पद पर भर्ती और बाद में प्रमोशन होने पर दरोगा होना बताया। सीओ विजय चौधरी ने बताया कि बूढ़पुर गांव के सन्नी को पीआरडी में ढाई लाख रुपये में दरोगा बनाने का झांसा दिया था। जिसके लिए पचास हजार रुपये एडवांस भी लिये और फर्जी नियुक्ति पत्र भी सन्नी को दिया। मंगलवार को फर्जी दरोगा को शेष रकम दो लाख रुपये देने के लिए बुलाया गया, जहां शक होने पर सन्नी के परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर फर्जी दरोगा को पकड़वाया। फर्जी दरोगा बनकर लोगों से ठगी करने के मामले में आरोपी को पकड़ा गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मीरांपुर : आज खुलेगी रालोद की बंद मुट्ठी

**मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)।** रालोद के मुट्ठी ना खोलने से मीरांपुर विधानसभा चुनाव की जंग को लेकर सियासी पंडितों में तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस उपचुनाव की दिलचस्प लड़ाई में अभी तक प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा मुस्लिम चेहरों पर भरोसा जताया गया है। ऐसे में रालोद-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार का चेहरा अभी तक साफ ना होने से खुद रालोद नेताओं में बेचैनी बनी हुई है।

## विरोधियों के साथ खुद पार्टी के नेताओं की धड़कनें बढ़ीं

मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर नामांकन का दिन नजदीक आ गया है। ऐसे में सपा और बसपा जहां कल अपने परचे दाखिल करने की तैयारी कर रही हैं, वहीं दिल्ली में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के बंगले पर कई दिन से चल रहे सियासी मंथन के बावजूद प्रत्याशी का नाम तय नहीं हो पाया है।





सभी टिकट के दावेदार अपनी पूरी ताकत लगाकर फिलहाल आलाकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। टिकट के नाम के ऐलान से पूर्व आज रालोद अध्यक्ष की भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ इस मामले में चर्चा हुई है। हालांकि टिकट के दावेदारों का कहना है कि पार्टी अध्यक्ष ने सभी तो चुनावी तैयारी और नामांकन के लिए तैयार रहने की बात कहते हुए लौटा दिया है। अब दावेदारों को हाईकमान के फोन का इंतजार है। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के उम्मीदवारों की सूची को लेकर अभी मामला अटका हुआ है। ऐसे में उम्मीद यह लगाई जा रही है कि रालोद और भाजपा कल यानि गुरुवार को ही अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करेंगे। शुक्रवार को नामांकन की अंतिम तिथि है। ऐसे में इससे पहले सूची का ऐलान तय है। एक चर्चा यह भी है कि रालोद की ओर से ओबीसी चेहरा आना तय है। पार्टी में जिलाध्यक्ष समेत कम से कम चार दावेदार अभी भी अपने टिकट को लेकर भरोसा जता रहे हैं। जानकारों का कहना है कि मीरांपुर सीट पर अभी तक जो उम्मीवार सामने आ चुके हैं, उनमें सब कुछ सही रहता है तो रालोद-भाजपा का टिकट किसी लाटरी से कम नहीं है।











## हाईकोर्ट में शनिवार से दीपावली का अवकाश, अब चार से होगा कामकाज

प्रयागराज, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शनिवार से ही दीपावली की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। इसके बाद चार नवंबर से अदालती कामकाज शुरू होगा। हाईकोर्ट प्रशासन ने सोमवार 28 अक्टूबर को अवकाश घोषित कर दिया है। इसके एवज में हाईकोर्ट 23 नवंबर शनिवार को खुलेगा। हाईकोर्ट में अधिकृत रूप से दीपावली की छुट्टियां 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक घोषित हैं। लेकिन, 25 अक्टूबर के कामकाज के बाद 26 को शनिवार और 27 को रविवार की छुट्टी है। इसके बाद दीपावली की छुट्टियों के बीच मात्र एक दिन के लिए कोर्ट खुला होने के कारण अधिवक्ता अपने गांव नहीं जा पा रहे थे। साथ ही वादकारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता। लिहाजा, हाईकोर्ट प्रशासन ने 28 अक्टूबर सोमवार को अवकाश घोषित कर दिया है। इसके एवज में हाईकोर्ट 23 नवंबर को खुलेगा।

## बहराइच हिंसाः हाईकोर्ट ने दिया आदेश- 'विस्तृत जवाब दाखिल करे सरकार'

लखनऊ, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। बहराइच हिंसा मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। वहीं, मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 4 नवंबर तय कर दी है। वहीं, कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि जनहित याचिका क्यों दाखिल की गई है? इसके पहले सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में यूपी सरकार ने आश्वासन दिया था कि बुधवार तक आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मंगलवार को यूपी सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि बुधवार तक बहराइच में कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। नटराज ने इस पर सहमति जताते हुए कहा, हम कुछ नहीं करेंगे। वरिष्ठ वकील सीयू सिंह व अन्य वकीलों ने पीठ के समक्ष कहा, राज्य सरकार ने कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव इस आधार पर रखा है कि उनका निर्माण अवैध है। पीठ ने कहा, आप इस अदालत के पारित आदेशों को जानते हैं। अगर राज्य सरकार इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहती है तो यह उसकी पसंद है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आए वृद्ध की दर्दनाक मौत

## उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना

बुढ़ाना, 23 अक्टूबर (बु.)। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आए एक वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने भागदौड़ कर-के आरोपी ट्रैक्टर चालक को कुछ दूर जाकर पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी 75 वर्षीय गंगाराम त्यागी आज बुधवार की सुबह 11 बजे के आसपास पैदल अकेले ही अपने घर से पंजाब नेशनल बैंक में पैसे निकालने जा रहे थे, जब वे कांधला रोड पर बैंक के सामने सड़क पार कर रहे थे तो कट पर नगर पंचायत की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर के चालक रिजवान निवासी गांव कसेरवा थाना शाहपुर ने गंगाराम त्यागी को ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर मारकर अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें गंगाराम के उपर एक साइड के ट्रैक्टर के दोनों पहिए उतर गये तो उनका भेजा बाहर निकल गया और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर घटना को अंजाम देकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया तो घटना का पता लगते ही मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को भागकर पुलपार से ट्रैक्टर सहित पकड़ लिया।



पुलिस ने मौके पर मौजूद वृद्ध की पहचान कराकर घटना की सूचना उनके परिजनों को दी, तो परिजन मौके पर पहुंचे रोते बिलखते मौके पर आ गये। इस दौरान घटनास्थल पर लंबा जाम लग गया। तब एसडीएम राजकुमार भारती, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने जाम खुलवाकर शव को पीएम के लिए भिजवाया।

# किसान अधिकार पदयात्रा : भाज्जू कट के लिए चौ. राकेश टिकैत ने निकाली पदयात्रा

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर-दिल्ली से देहरादून को जोड़ने वाले इकोनामिक कॉरिडोर पर स्थित भाज्जू कट को लेकर विगत कई माह से किसान कट की मांग कर रहे हैं, जिसे लेकर समय-समय पर पंचायत होती रही है व प्रशासन के साथ में वार्ता भी किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने की है। उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर स्थित किसान भवन सिसौली में 17 अक्टूबर को हुई मासिक पंचायत में निर्णय लिया गया कि इस कट की मांग को लेकर 23 व 24 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर स्थित मंसूरपुर से भाज्जू कट तक पदयात्रा निकाली जाएगी। आज भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में इस पदयात्रा को भारतीय किसान



यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने आरंभ कराया, जो जनपदों के विभिन्न गांव से होती हुई गुजरी। सभी गांव में पदयात्रा का वहां के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। साथ ही दूध और खाने की भी व्यवस्था की गई और फल वितरण भी किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हमारा यह संघर्ष खेती किसानी वर्ग के लिए ऐसे ही जारी रहेगा। यह कट हमारी प्राथमिकता व अधिकार है, जिसके लिए हम यह लड़ाई ऐसे ही जारी रखेंगे। पदयात्रा का रात्रि विश्राम आज मुजफ्फरनगर स्थित शाहपुर कस्बे में होगा, जहां से यात्रा भाज्जू कट के लिए 24 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

# पति-पत्नी के छूट-छुटाव को लेकर चल रही पंचायत में जमकर लठ चले

**▸ पंचायत में भिड़े दोनों पक्ष, जमकर हुई मारपीट ▸ ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा**

मीरापुर, 23 अक्टूबर (बु.)। शादी के सात वर्ष बाद पति-पत्नी के छूट-छुटाव को लेकर चल रही पंचायत में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों पर लाठी से हमला कर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान जान बचाकर भाग रहे लोगों को कार से कुचलने का प्रयास किया गया। हमलावरों ने सब्जी मंडी में खड़ी बाइकों पर जमकर तोड़फोड़ करते हुए दहशत का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

करीब सात वर्ष पूर्व रामराज थानाक्षेत्र के नया गांव निवासी एक युवती का निकाह देवल निवासी एक युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले उसे तंग करते थे, जिसके चलते वह पिछले कई माह से मायके में रह रही थी। मनमुटाव अधिक होने के कारण



बुधवार की दोपहर में दोनों पक्षों द्वारा मीरापुर स्थित सब्जी मंडी में समझौता करने के लिए पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग मौजूद थे। पंचायत में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई तथा मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया तथा करीब दो दर्जन युवकों ने अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर उत्पात मचाते हुए वहाँ खड़ी बाइकों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। लोगों ने भागकर दीवार फांदकर जान बचाई। इतना ही नहीं आरोपियों ने भाग रहे लोगों के पीछे बोलेरो व स्विफ्ट कार दौड़ाकर उन्हें कुचलने का प्रयास किया तथा मंडी में खड़ी करीब आठ बाइकों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान सब्जी मंडी में भगदड़ मच गई तथा दहशत का माहौल बन गया। हमलावर युवक सब्जी मंडी से थाना चौराहे तक अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर दहशत का माहौल बनाते हुए बुलेट व कार में सवार होकर भाग गए। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ की तथा दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने बैठा लिया।

# एक ही धर्म को टारगेट बनाकर की जा रही कार्यवाही, दोनों धर्म के लोग एक दूसरे पर न करें टिप्पणी : राकेश टिकैत

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि प्रशासन एक ही धर्म के लोगों को टारगेट कर रहा है। कभी भी फसाद में 700 लोग अग्रणी भूमिका नहीं निभाते। कोई भी धर्म हो, कुछ लोग ऐसे निकल ही जाते हैं, जो कहीं न कहीं गड़बड़ी कर बैठते हैं, ऐसे में सिर्फ उन्हीं लोगों को चिह्नित कर पकड़ा जाए, जो पथराव व आगजनी के दोषी हों। मीडिया के सवाल पूछे जाने पर कि जब पुलिस ने हाथोंहाथ टिप्पणी करने वाले अखिल त्यागी को गिरफ्तार कर



लिया था तो उसके बाद पथराव व आगजनी की क्या जरूरत थी, इस पर राकेश टिकैत गोलमोल जवाब दे गए। उनका कहना था कि मुजफ्फरनगर जिला आज से ग्यारह साल पहले से ही संवेदनशील जिला रहा है। जाति और धर्म के नाम पर यहां खूब दंगे हुए हैं। ऐसे में दोनों धर्म के लोगों को समझना होगा कि किसी भी धर्म के व्यक्ति को किसी के भगवान अथवा अल्लाहह पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है और प्रशासन को भी इस मामले में सख्त कार्यवाही करनी चाहिए मगर बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करना गलत है। दंगों से किसी का कोई हल नहीं होता, यह मुजफ्फरनगर जिला बखूबी जानता है। ऐसे में सब लोग एक दूसरे से साम्प्रदायिक सौहार्द की अपील करें और जिले में इस सौहार्द को कायम रखने में अपनी अपनी मदद जरूर करें।

## पं. श्याम शंकर मिश्रा उर्फ छांगा पंडित नहीं रहे

मुजफ्फरनगर। नगर के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित पंडित श्याम शंकर मिश्रा उर्फ छांगा पंडित जी का आज निधन हो गया। तमाम लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है। नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते रहे छांगा पंडित की अंतिम यात्रा कल उनके निवास गली नंबर 3 मंदिर वाली गली कूकड़ा मंडी रोड, अलमासपुर से दोपहर 12:00 बजे, शुक्रताल के लिए प्रस्थान करेगी। पंडित श्याम शंकर मिश्रा के दुखद निधन पर नगर के तमाम पंडितों तथा अन्य लोगों ने शोक जताया है।



# पालिका के टेंडरों में मनमानी के आरोपों की होगी जांच

## दो सभासदों पर है टेंडरों में खेल करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के दो नामी सभासदों द्वारा बेनामी तरीके से अपने ठेकेदारों के जरिए ठेकेदारी करने और टेंडरों में गड़बड़ी कराने के मामले की जांच के लिए नगर विकास विभाग के अनु सचिव संजय कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को जांच कराने के लिए कहा था। आरोप है कि उक्त आदेश को पालिका की फाइलों में दबा दिया गया। अब शिकायतकर्ता ने डीएम से मामले की जांच कराने की मांग की है।

नगर पालिका में चल रहे कारनामों के बीच एक और शिकायत को लेकर मामला गर्मा रहा है। नगर विकास विभाग में की गई शिकायत में राजबीर सिंह नामक व्यक्ति ने सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा पर नियम विरूद्ध तरीके से शानू चौधरी व अभिषेक एवं अन्य ठेकेदारों के साथ मिलकर अधिकारियों व ठेकेदारों को डरा-धमका कर टेण्डर अपने चहते ठेकेदारों के नाम कराकर ठेकेदारी करने का आरोप लगाते हुए पालिका में हो रही वित्तीय अनियमितता की जांच कराये जाने की मांग की थी। इस मामले में अनु सचिव संजय कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मामले की जांच के आदेश दिए थे। शिकायतकर्ता द्वारा डीएम और नगर विकास विभाग को भेजी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जो ठेकेदार इनकी बात नहीं मानता उसका भुगतान रुकवा दिया जाता है तथा उन्हें टेण्डर देने से रोकने के आदेश जारी करवा दिये जाते हैं। आरोप है कि सीमा विस्तार के बाद मिलाये गये गांवों के नलकूप संचालन का निकाला गया था। लगभग 30 प्रतिशत कम पर उक्त टेंडर आया था परन्तु चहेते ठेकेदार का टेंडर न आने के कारण नियम विरुद्ध तरीके से अधिकारियों और अध्यक्ष पर दबाव बनाकर उसे निरस्त करा दिया गया था। दोबारा टेंडर होने पर अन्य ठेकेदारों को टेंडर डालने से डरा-धमका कर रोक दिया गया। बाद में चहेते ठेकेदार का टेंडर मात्र लगभग तीन प्रतिशत कम आने के बाद भी इसे पास करा दिया गया। इसमें पालिका को करीब दो करोड़ 97 लाख रुपये का चूना लगा। इसके अलावा आईजीएल के द्वारा गड्ढे भरने के लिए दिए गए पैसे के मामले में टेंडर को लेकर घालमेल कर बाहरी व्यक्ति से काम कराने का आरोप लगाया गया है।

## बिलासपुर फावड़ा हत्याकाण्ड में आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। तीन दिन पूर्व जमीन के विवाद को लेकर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर में बूटाराम की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने बूटाराम के छोटे भाई कालूराम व उसके दामाद संजीव सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उक्त मामले में हत्यारोपी कालूराम को बुधवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से हत्या में प्रयुक्त डंडा पुलिस ने बरामद किया है। आपको बता दें कि दूसरे आरोपी कालूराम के दामाद संजीव को पुलिस पहले से ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर विवाहिता से दुष्कर्म

भोपा, 23 अक्टूबर (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल में आने जाने वाले युवक पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही एक युवक का उसके ससुराल में आना जाना था। आरोप है कि बीते अगस्त माह में आरोपी बहला- फुसलाकर उसे मुजफ्फरनगर स्थित एक रेस्टोरेंट में लेकर गया और डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के समय आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और किसी को भी घटना का जिक्र करने पर अश्लील वीडियो वायरल कर पति और बच्चों समेत जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर कई बार होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अब आरोपी उसे फिर ब्लैकमेल कर मिलने के लिए फोन करके जबरदस्ती मुजफ्फरनगर बुला रहा था। जब वह आरोपी से मिलने नहीं गई, तो आरोपी ने उसके अश्लील फोटो वायरल कर दिए। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेंद्र सिंह सिरोही ने बताया कि आरोपी वासिद पुत्र शमशाद निवासी रुड़कली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

## सीढ़ी से गिरकर व्यक्ति की मौत

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी कोतवाली के अंकित विहार के रहने वाले 56 वर्षीय खुशी राम सुबह के समय सीढ़ी पर चढ़कर छत पर जा रहे थे, जहां से उनका पैर फिसल गया और पैर फिसलते ही उनका सिर सीधा फर्श पर जा लगा। गंभीर अवस्था में खुशीराम का बेटा गौरव आनन-फानन में पिता को लेकर चिकित्सालय पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुखिया खुशी राम की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम गमगीन माहौल में खुशी राम का अंतिम संस्कार करा दिया गया।

## पटाखे छोड़ने से मना किया तो किया घायल

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के गांव बागोवाली निवासी नईम ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अब्दुल्ला व उसका भाई उमर उसके घर के पास जबरदस्ती पटाखे जला रहे थे, जब नईम ने पटाखे जलाने का विरोध किया तो आरोप है कि घर में घुसकर उसकी जबरदस्त पिटाई की गई। हमले में नई सहित साजिद व राशिद भी घायल हो गये, जिसमें साजिद के सिर पर गंभीर चोट लगने से वो बेहोश हो गया, मारपीट करने के बाद अब्दुल्ला व उसका भाई उमर मौके से धमकी देते हुए भाग गये।

## रुड़की के पास कार में आग लगने से बाल-बाल बचा मुजफ्फरनगर का दंपती

रुडकी, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। हरिद्वार-भगवानपुर बाईपास पर मुजफ्फरनगर के परिवार की चलती कार आग का गोला बन गई। कार में सवार महिला और एक युवक ने किसी तरह खिड़की खोलकर अपनी जान बचाई। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर हरिद्वार से एक कार पिरान कलियर थाना क्षेत्र के हरिद्वार-भगवानपुर बाईपास मार्ग पर भगवानपुर की तरफ जा रही थी। कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे। कार महिला चला रही थी। कार जैसे ही हकीमपुरतुर्रा गांव के पास पहुंची तो अचानक बोनट से आग और धुआं निकलने लगा। कार सवार महिला और युवक तब तक कुछ समझ पाते कार के बोनट से आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगी। कार में आग लगता देख राहगीर मौके पर जमा हो गए और कार सवार महिला व युवक को खिड़की खोलकर बाहर निकाला। साथ ही आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और पूरी तरह जल गई। वहीं, सूचना मिलते ही भगवानपुर और रुड़की से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि कार में मुजफ्फरनगर निवासी रत्ना और हिमांशु सवार थे। महिला ने जानकारी दी थी कि वह ऋषिकेश एम्स में नौकरी करती है। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी।

## बागपत भाजपा जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय को पद से हटाया... पत्नी और दो बेटों पर भी मुकदमा

बागपत, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। भाजपा के जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय पर लोगों के रुपये हड़पने और इस कारण एक व्यक्ति की मौत होने के बाद उसके परिजनों पर पथराव के आरोप लगने पर पार्टी की जिले में किरकिरी हुई। इसके बाद भाजपा ने जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय से जबरन इस्तीफा ले लिया। देवी चौक मोहल्ले में बुजुर्ग हीरालाल की मौत होने के बाद मंगलवार को आधी रात तक हंगामा होता रहा। इससे पहले भी जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय के खिलाफ कई बार हंगामा हुआ। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा में पदाधिकारी होने के कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। इससे भाजपा की किरकिरी होती देख वरिष्ठ पदाधिकारी हरकत में आए। उन्होंने सतपाल उपाध्याय से जबरन इस्तीफा ले लिया। इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने बताया कि जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय का इस्तीफा मंजूर कर पद से हटा दिया गया है। ऐसे कृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा के जिला मंत्री सतपाल उपाध्याय के घर शव लेकर पहुंचे लोगों पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। सीओ हरीश भदौरिया ने बताया कि सतपाल उपाध्याय, उसकी पत्नी कृष्णा, बेटे नीरज और विशाल के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट, जानलेवा हमला करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बुढ़ाना दंगा : ओवैसी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने अपने नेताओं को बताया बेकसूर

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष बोले बुढ़ाना कांड में पकड़े गए कार्यकर्ताओं पर इल्जाम अभी झूठा है। दरअसल बुढ़ाना में आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पांच दिन पहले माहौल गर्मा गया था, जिसमें देर रात पथराव व आगजनी भी की गयी थी। पथराव व आगजनी के बाद संजीव बालियान के पुलिस पर सवाल उठाने पर पुलिस ने हाथोंहाथ 700 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्नीस लोगों की गिरफ्तारी की थी, जिसमें एआईएमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष व यूथ जिलाध्यक्ष भी पथराव में आगजनी की साजिश के आरोपी थे। इसी सम्बंध में एआईएमआईएम के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष कचहरी पहुंचे जहां मीडिया से पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि हमारे यूथ जिलाध्यक्ष व विधान सभा जिलाध्यक्ष ने कोई भी गलत काम नहीं किया है। यदि जांच में उनके द्वारा कोई पत्थरबाजी या आगजनी की गयी होगी तो वे किसी भी सूरत में उनका साथ नहीं देंगे, मगर फिलहाल शासन -प्रशासन



अपना काम कर रहा है। ऐसे में जब तक जांच का कोई निर्णय नहीं आता, तब तक किसी पर भी इस तरह के आरोप लगाने गलत हैं। उन्होंने जिले में अम्न और शांति बनाए रखने की बात दोनों धर्म के लोगों से की।

# कार का शीशा तोड़कर ढाई लाख के जेवर चुराने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर बरामद किए

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। हाई वे पर स्थित एक होटल के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण चोरी करने के मामले में एक अभियुक्त को नावला कट के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से गाड़ी से चोरी किये गये सफेद व पीली धातु के आभूषण तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक होण्डा शाईन मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर को हाईवे से परिवार के साथ देहरादून जा रहे व्यक्ति ने थाना मंसूरपुर पुलिस से शिकायत की थी कि वह और उसके परिजन मंसूरपुर के पास स्थित होटल मिडवे के बाहर गाड़ी खड़ी कर होटल के अन्दर चले गये तभी अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उनकी गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी में रखे बैग व आभूषणों को चोरी कर लिया । पुलिस ने इस मामले में एक अभियुक्त को नावला कट के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से गाड़ी का शीशा तोडकर चोरी किये गये 2.5 लाख की कीमत के सफेद व पीली धातु के आभूषण तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक होण्डा शाईन मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उसका नाम पंकज सैनी पुत्र श्रीपाल सैनी निवासी ग्राम अलमासपुर थाना नई मण्ड़ी बताया गया है। थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा चोरी की उक्त घटना में एक अन्य अभियुक्त सोनू निवासी बुराड़ी, दिल्ली फरार है। पकड़े गए आरोपी से बरामद सामान में एक चेन (पीली धातु), दो अंगूठी (पीली धातु),एक जोडी पाजेब (सफेद धातु), एक सफेद मोती की माला जिसमें एक पीली धातु का लॉकेट है, तीन पीली धातु के टिकले, एक होण्डा शाईन मोटरसाइकिल बरामद की है।

### भाकियू के बैनर लगाकर नाम का दुरुपयोग करने के मामले में नमकीन फैक्ट्री मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन युवा इकाई ने प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नई मंडी थाना क्षेत्र के कल्याणपुरी के रहने वाले धीरेन्द्र जावला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भरतिया कालोनी में एक फैक्ट्री भाकियू संगठन का बैनर लगाकर धडल्ले से चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि नमकीन की इस फैक्ट्री में फर्जी तरीके से संगठन का नाम व फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसकी संगठन द्वारा कतई मनाही है। बैनर पर जो फोटो लगा हुआ है, उसमें राकेश चौधरी नाम लिखा हुआ है, जिसका भारतीय किसान यूनियन से कोई लेना देना है ही नहीं, जबकि फैक्ट्री मालिक का असली नाम नरेश उर्फ जौनी है। नरेश नामक उक्त व्यक्ति चर्चित व्यक्ति बताया जाता है, ऐसे में उक्त व्यक्ति भाकियू के बैनर पर अवैध रूप से नमकीन का काम करने के साथ साथ संगठन की छवि खराब कर रहा है।

# लेनदेन के विवाद में पशु व्यापारी के साथ मारपीट, 5 पर मुकदमा

भोपा, 23 अक्टूबर (बु.)। एक लाख रुपए के लेनदेन के विवाद में पांच आरोपियों ने पशु व्यापारी के साथ जमकर मारपीट की। पशु व्यापारी ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए दो भाइयों समेत पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

भोपा थानाक्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी कृष्णपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह पशुओं को खरीदने बेचने का काम करता है। उसने बताया कि भोपा निवासी जयबीर भी उसके साथ ही काम करता था। चार माह पहले अपना हिसाब कर जयबीर उससे अलग हो गया था। पीड़ित ने बताया कि उस समय जयबीर पर उसके एक लाख रुपए बकाया रह गए थे, जिसे उसने कुछ दिन बाद देने की बात कही थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अब रुपयों के लेनदेन को लेकर जयबीर के मन में बेईमानी आ रही है और वह रुपए देने में आना-कानी कर रहा है। बीते शनिवार की दोपहर वह जयबीर के घर अपने पैसे मांगने के लिए गया था। जब उसने उससे अपने पैसे मांगे, तो आरोपी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए रुपए देने से साफ मना कर दिया, जब उसने आरोपी का विरोध किया, तो आरोपी ने अपने पुत्र , भाई और भतीजो को मौके पर बुला लिया। जहां आरोपियों ने मिलकर डंडों से उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल भी निकल कर गुम हो गया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने आरोपियों से उसकी जान बचाई। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी नोवेंद्र सिंह सिरोही ने बताया कि पुलिस ने जयबीर, विशाल, सोहनवीर, राजा और छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## टीएसआई इन्द्रजीत का शानदार काम

# मौहल्ले के नेताजी को ई-रिक्शा छोड़ने से किया साफ मना

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। नगर में चल रहे अवैध ई-रिक्शाओं पर छापेमारी में नगर में सुव्यवस्था दिखाई पड़ रही है, ऐसे में एसपी ट्रैफिक के निर्देशन में चल रहे कार्य की सराहना होती दिखाई पड़ रही है, मगर अभी भी अवैध ई-रिक्शाओं के लिए सिफारिशों का दौर खत्म नहीं हो रहा है। बड़े नेताओं ने तो पिछले दो दिनों से सिफारिशें करना कम कर दिया है, क्योंकि नेताओं को अहसास हो चला है कि वास्तव में कुकुरमुत्ते की तरह चल रही अवैध ई-रिक्शाएं पूरे शहर के लिए जी का जंजाल बन चुकी थी। ऐसे में रामलीला टिल्ला के रहने वाले एक भाजपा नेता की टीएसआई इन्द्रजीत से नोंकोंक हो गयी। जब भीड़ एकत्र हो गयी तो नेताजी ने बड़े नेताजी को फोन लगाया। इस पर जब उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो वें टीएसआई इन्द्रजीत पर चढ़ दौड़े और कहने लगे मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। टीएसआई ने कहा कि भाजपा का टैग लेकर छोटे-बड़े की उम्र नहीं देखते क्या, मैं तुमसे 18 साल बड़ा हूं। 55 साल की उम्र है मेरी और तुम्हारी 38 की। किसी भी सूरत में अवैध



कार्यों को बढ़ावा नहीं दिया जायेगा। जब भीड़ में भाजपा नेता की बात लोगों को गलत लगी तो भाजपा नेता भी अपना सा मुंह लेकर अपने गंतव्य की ओर चले गये। इस पर शिवचौक पर खड़े लोगों ने टीएसआई की सराहना की और कहा कि वास्तव में अवैध ई-रिक्शाओं के लिए आपका काम सराहनीय है। कोई किसी भी दल का नेता हो, उसे बड़े-छोटे की तमीज जरूर होनी चाहिए।

## अभी भी ट्रैफिक पुलिस के सर का दर्द बन रहे छुटभैया नेता

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। कहते है जब शादी होती है, तो लड़के वालों की तरफ से उसके फूफा को सबसे बड़ा ड्रामेबाज कहा जाता है। कुछ ऐसा ही ट्रैफिक पुलिस की अवैध ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई में देखने को मिल रहा है, जहां कार्रवाई शुरू होते ही गली-मौहल्ले के लाल छुटभैया नेता अब वहां से निकलकर सड़कों पर अवैध ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई का विरोध करते हुए हुए दिखाई दे रहे हैं, जिनके विरोध से ट्रैफिक पुलिस पर तो कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, लेकिन उनके सिर का दर्द बढ़ाने का काम जरूर ये टटपुंजे नेता करते हुए दिख रहे हैं।

## अहोई के चलते बाजारों में रही भीड़

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। अहोई पर्व की खरीदारी के चलते आज बड़ी संख्या में ग्राहक बाजार में निकले तो एक बार फिर शहर के बाजारों और मुख्य चौराहों पर जाम के हालात नजर आए। दीपपर्व श्रृंखला में गुरुवार को अहोई अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व पर गुरु पुष्य योग को विशेष फलदायी माना जा रहा है। अहोई अष्टमी पर माताएं अपने बच्चों की दीर्घायु और उनके सुख सौभाग्य व आरोग्य की कामना के साथ व्रत रखती हैं। इसके लिए तैयारियों के बीच आज मिट्टी की दोघड और अहोई अष्टमी के चित्रों के साथ चांदी की अहोई और श्याऊ और श्याऊ के बच्चों की जमकर खरीदारी हुई। आज बाजारों में खरीदारी के लिए लोग निकले तो वहां जाम के हालात रहे।

# लगातार चल रही है अवैध ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई, नगर की जनता खुश

मुजफ्फरनगर, 23 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की मुहिम से अब नगरवासियों के चेहरे पर खुशी है, क्योंकि लगातार चल रही अवैध ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई के चलते सड़कों पर बिछे इनके जाल से उनको मुक्ति मिलती हुई नजर आ रही है। अब ऐसे में नगर की जनता आराम से भगत सिंह रोड, शिव चौक, झांसी की रानी, लोहिया बाजार, सर्राफा बाजार, शामली अड्डा, खालापार, प्रकाश चौक, मीनाक्षी चौक आदि आदि जगहों पर अपने वाहनों से घूमते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि ट्रैफिक पुलिस द्वारा शुरू की गई इस चैकिंग के बाद कुछ अवैध ई-रिक्शाएं तो अपने आप सड़को से गायब हो गई और जो बची कुची थी, उन पर ट्रैफिक पुलिस ने सीज करने की कार्रवाई की। अब ऐसे में जिन ई-रिक्शाओं के पास रजिस्ट्रेशन हैं और उनके द्वारा टैक्स, इंश्योरेंस आदि कागज पूरे नहीं है, तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा उनसे लिखित एफिडेविट लेकर कागज पूरे होने पर ही सड़क पर उसका संचालन करने की हिदायत देकर छोड़ दिया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने अब तक ऐसी करीब 300 से अधिक ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई की है, जबकि 40 ई-रिक्शाओं के रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर सीज की कार्रवाई अमल में लाई गई है।



## यति नरसिंहानंद का सुराग नहीं, करीबी अनिल की हिस्ट्रीशीट खुली

गाजियाबाद, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आरोपी जूना अखाड़े के महंत यति नरसिंहानंद का कोई सुराग नहीं है। अब उनके करीबी अनिल यादव उर्फ छोटे नरसिंहानंद पर पुलिस ने कार्रवाई का शिकंजा कस दिया है। शांति भंग की आशंका में जेल में बंद बम्हेटा निवासी अनिल की मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उसके खिलाफ पांच केस दर्ज हैं। इनमें लूट और बवाल के मामले शामिल हैं। अनिल यादव को पुलिस ने 11 अक्तूबर की रात को गिरफ्तार किया था। यति के बाद उसके खिलाफ भी आपत्तिजनक बयान देने का केस दर्ज हुआ था। इसमें उसने 11 को ही कोर्ट में सरेंडर किया था। इस केस में जमानत मिलने के बाद पुलिस ने शांति भंग की धारा में कार्रवाई की थी। तब से वह जेल में बंद है। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मुकदमों के आधार पर हिस्ट्रीशीट खोली गई है। यति नरसिंहानंद पर केस दर्ज होने के बाद चार अक्तूबर की रात डासना के देवी मंदिर पर हमला करने की साजिश रचने वाले तीन लोगों के नाम से अब तक पर्दा नहीं उठ सका है।

# मजाक को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**▸ 3 घायल, महिला रैफर, पुलिस बल हुआ तैनात**

बुढ़ाना, 23 अक्टूबर (बु.)। मजाक को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक पर हमला बोल दिया, तभी जवाब में दूसरे पक्ष ने भी आरोपी पक्ष के साथ मारपीट कर दी। सूचना पाकर एकदम मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने तीन घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शांति व्यवस्था कायम करने के लिए गांव में पुलिसबल तैनात किया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के गांव भसाना निवासी 16 वर्षीय जुनैद पुत्र शहजाद अब्बासी आज बुधवार को अपने बड़ौत निवासी मामा एजाज के लिए गांव में ही स्थित एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए गया था कि अचानक से गांव के ही अंकित पुत्र महेश पाल ने उसकी पिटाई कर दी और चला गया। घायल जुनैद ने इसकी सूचना घर जाकर दी, तो उसके परिजन अंकित के घर पहुंचे तो पहले से ही तैयार बैठे अंकित, सोनू, निखिल, ऋतिक, गुड्डू, मीना व बीना पत्नी नरेंद्र पाल आदि ने एक राय होकर बलकटी से जुनैद, उसके भाई दानिश, उसकी मां शहजादी पत्नी शहजाद पर जानलेवा हमला बोलकर घायल कर दिया, जिसमें हमलावर बीना को भी चोटें आई। तब वहां भगदड़ मच गयी और किसी ने बुढ़ाना पुलिस को सूचना दे दी तो मौके पर एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र व उमरपुर चौकी प्रभारी सुरेंद्र राव भारी पुलिसबल को लेकर पहुंचे और तीनों घायलो को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया। बीते कल हमलावर अंकित संग घायल जुनैद ने कुछ मजाक कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 6 लोगों को हिरासत मे लिया है।

## तुर्किये की राजधानी अंकारा में बड़ा आतंकी हमला, चार लोगों की मौत, 14 लोग घायल

अंकारा, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। तुर्किये की राजधानी में आतंकी हमला किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजधानी अंकारा में ये आतंकी हमला तुर्किये एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी 'तुसास' के परिसर में हुआ है। इस आतंकी हमले में चार लोगों के मारे जाने की और 14 लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि अभी तक किसी भी आतंकी संगठन की तरफ से इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली गई है। तुर्किये के आंतरिक मंत्री ने कहा कि तुर्किये एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी ळवरअर के परिसर पर हुए हमले में कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं। अली येरलिकाया ने राजधानी अंकारा के बाहरी इलाके में मौजूद तुर्किये एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज पर हुए हमले के बारे में और जानकारी नहीं दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, तुर्किये एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज अंकारा कहरामनकाजान सुविधाओं के खिलाफ एक आतंकवादी हमला किया गया।

# देहरादून में पकड़े गए मुजफ्फरनगर के सट्टेबाज

## मोबाइल एप के जरिए होता था सट्टा, एक लाख रुपये बरामद

देहरादून, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। मोबाइल एप से ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले आठ सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें मुजफ्फरनगर के सट्टेबाज भी शामिल हैं। आरोपी कई गैंबलिंग एप के जरिए युवाओं को फंसाते थे। सट्टा जीतने पर लोगों को ऑनलाइन ही भुगतान किया जाता था। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है। सभी के खिलाफ पटेलनगर थाने में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि चंद्रबनी क्षेत्र में एक मकान में ऑनलाइन सट्टा लगवाया जा रहा है। वहां पर लाखों रुपये का लेनदेन भी होता है। इस सूचना पर पुलिस ने एक मकान में छापा मारा। यहां से कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विन आई-20 मोबाइल एप के जरिए सट्टा लगवा रहे थे। इसमें पॉप अप के माध्यम से लोगों का व्हाट्सएप डाटाबेस तैयार किया जाता है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सलमान निवासी मोहल्ला चौक, कैराना बाजार, शामली, गुलजार निवासी ओखला जामिया नगर, दिल्ली, शाहरुख निवासी निरमानी, शाहपुर, मुजफ्फरनगर, वसीम व समीर निवासी तावली, शाहपुर, मुजफ्फरनगर, मोइन, पुरबालियान, मंसूरपुर, जुबैर निवासी मिलाना, दौघट, बागपत और अकरम निवासी तावली, शाहपुर, मुजफ्फरनगर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से छह लैपटॉप, आठ मोबाइल, एक्सटेंशन बोर्ड, 17 चेकबुक, 20 डेबिट कार्ड और एक लाख एक हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि विन आई-20 एप चलाने वाले लोगों के मोबाइल में सिस्टम से एक पॉपअप भेजा जाता है। जैसे ही ग्राहक पॉपअप पर क्लिक करता है उसे एक नंबर उपलब्ध होता है। इसके बाद ग्राहक उस नंबर को व्हाट्सएप से लिंक करके आरोपियों से संपर्क करते हैं। इस तरह लोगों का व्हाट्सएप डाटा बेस तैयार हो जाता है। ग्राहकों को दो गैंबलिंग वेबसाइट भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें से उन्हें एक को चुनना होता है। इसके माध्यम से ग्राहक को व्हाट्सएप के जरिए डिपोजिट स्लिप उपलब्ध कराई जाती है। इसमें बैंक डिटेल दी जाती है। इसके माध्यम से पैसों का लेनदेन होता है। पेमेंट वेबसाइट से आरोपी ग्राहक की आईडी जनरेट करते हैं और पासवर्ड उपलब्ध कराते हैं। गैंबलिंग वेबसाइट पर ग्राहक सट्टा लगाना शुरू करता है। जीतने के बाद उन्हें भुगतान कर दिया जाता है।

## सपा नेता की गुंडई, सीओ दफ्तर के सामने पूर्व प्रधान व बेटे को लात-घूंसों से पीटा

अमेठी, 23 अक्टूबर (एजेंसी)। सपा जिला सचिव व उसके पिता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बुधवार की दोपहर अमेठी तहसील में सीओ कार्यालय के पास एक पूर्व प्रधान व उसके बेटे की लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि दबंगों ने लाइसेंसी रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अमेठी कोतवाली इलाके के सूबेदार का पुरवा मजरे गंगौली गांव के पूर्व प्रधान रामजस यादव ने बताया कि आज दोपहर वह अपने बेटे के साथ मुकदमे के सिलसिले में तहसील आये थे। आरोप है कि इसी बीच सपा नेता प्रदीप कुमार व उसके पिता शिव प्रताप यादव ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर रंजिश में पूर्व प्रधान के बेटे के साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगे। उसके बाद पूर्व प्रधान रामजस की भी जमकर पिटाई कर दी। यह घटना सीओ कार्यालय के पास तहसील परिसर की है।